राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

क्रमांक प.(वि)प्रशा./आकाशि/संपर्क/2019/2884 दिनांकः 15/03/19

समस्त प्राचार्यगण,
राजकीय महाविद्यालय/विधि महाविद्यालय/
कन्या महाविद्यालय/राज. स्कूल ऑफ आर्टस/
राज. संगीत संस्थान, कॉलेज शिक्षा राजस्थान,
जयपुर।

विषयः— संपर्क पोर्टल पर प्रत्येक महाविद्यालय के साथ वरिष्ठतम पदाधिकारी की Activated SSO-ID (16 अंक) की अद्यतन मैपिंग सुनिश्चित कराने बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत क्रम में निर्देशित किया जाता है कि संपर्क पोर्टल पर ग्रीवन्स—निस्तारण कार्यवाही प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्य (अर्थात वरिष्ठतम पदाधिकारी) द्वारा सतत् रूप से सुनिश्चित की जाये। विभागीय संपर्क पोर्टल Dashboard पर महाविद्यालयवार प्राचार्य द्वारा निजी SSO-ID का व्यक्तिशः Activation निम्नानुसार अपने स्तर से अविलम्ब किया जाये। तदुपरांत ही 252 महाविद्यालय की मैपिंग—कार्यवाही विभाग के स्तर पर संभव हो सकेगी।

1. SSO-ID अपने पासवर्ड से Log-in करें। 2. Profile Edit पर क्लिक करें। 3. पूरी Profile Check करें।	4. निजी ईमेल व मोबाईल नं0 Feed करें। 5. Link करने हेतु आपके ईमेल पर आये OTP को Submit करें।

1. संपर्क पोर्टल के विभागीय Dashboard पर अनिवार्यतः एक SSO-ID केवल एक स्थान पर ही मैप की जा सकती है।

2. नोडल प्राचार्यों द्वारा पोर्टल संचालन मूल पदस्थापित स्थान से ही होना है।

3. नोडल प्राचार्य अपने अन्य आवंटित महाविद्यालयों हेतु वरिष्ठतम अधिकारी की Activated SSO-ID की Mapping सुनिश्चित करायें।

4. ज्ञातव्य रहे कि प्राचार्य पद रिक्त होने पर कार्यवाहक प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के संपर्क पोर्टल पर कार्यवाही संचालित होगी।

5. दि0 31.05.2019 तक सेवानिवृत्त होने वाले प्राचार्यों का कार्यभार—निर्वहन जिन वरिष्ठतम द्वारा किया जावेगा उनका व्यक्तिशः दायित्व है कि पोर्टल पर अपनी Activated SSO-ID से नियमित ऑनलाईन कार्यवाही संपन्न करायेंगे।

6. अद्यतन मैपिंग हेतु दि0 31.03.2019 से पूर्व, cmhelplinecolledu@gmail.com पर कॉलेज व संबंधित Mapped नाम सहित Activated SSO-ID की Details प्रेषित करायें।

प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा संपर्क पोर्टल Dashboard पर परिवदेना निस्तारण समयबद्ध रूप से होता रहे इस हेतु समस्त प्राचार्य/ कार्यवाहक प्राचार्य अद्यतन मैपिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए पोर्टल पर त्वरित कार्य निष्पादन सुनिश्चित करें।

(प्रदीप कुमार बोरड़, IAS)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं विशिष्ट शासन सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग, जयपुर।

क्रमांक प.(वि)प्रशा./आकाशि/संपर्क/2019/ दिंनाकः

प्रतिलिपिः—

1. समस्त संयुक्त निदेशक आयुक्तालय को अपनी Activated SSO-ID पोर्टल के विभागीय स्तर—III पर मैपिंग कराने हेतु उपर्युक्त कार्यवाही बाबत सूचनार्थ।
2. समस्त सहायक निदेशक (जयपुर/ कोटा/ बीकानेर/ अजमेर/ जोधपुर/ उदयपुर/ भरतपुर संभाग) अपनी Activated SSO-ID पोर्टल के विभागीय स्तर—II पर मैपिंग कराने हेतु उपर्युक्त कार्यवाही बाबत सूचनार्थ।
3. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।

15/3/19

(डॉ. दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान,
जयपुर।